दिन– सोमवार

दिनांक– 22 / 09 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।

अवधि– 15 मिनट

01. बिहार समेत पूरे देश में जीएसटी की नई दरें आज से लागू। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा – जीएसटी सुधारों से देश में अर्थव्यवस्था के एक नये युग की शुरूआत।

02. राष्ट्र के नाम संबोधन में श्री मोदी ने राज्यों से स्थानीय विनिर्माण को बढ़ावा देकर स्वदेशी अपनाने का आह्वान किया।

03. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज ग्यारह हजार करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे।

04. और, शक्ति स्वरूपा देवी दुर्गा की आराधना का अनुष्ठान शारदीय नवरात्र आज से शुरू। पहले दिन मां दुर्गा के शैल पुत्री स्वरूप की हो रही है पूजा–अर्चना।

---

बिहार समेत पूरे देश में जीएसटी की नई दरें आज से लागू होने के साथ ही जीएसटी बचत उत्सव की शुरूआत हो गयी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल शाम राष्ट्र के नाम संबोधन में नवरात्र के पहले दिन से लागू हो रहे जीएसटी सुधारों को बचत उत्सव का नाम दिया। प्रधानमंत्री ने कहा है कि जीएसटी सुधारों से देश में अर्थव्यवस्था के एक नये युग की शुरूआत हो रही है।

–––बाइट–––

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि पिछले ग्यारह वर्षों में देश के पच्चीस करोड़ लोग गरीबी से उबरे हैं। उन्होंने कहा कि अगली पीढी के जीएसटी सुधारों के साथ निर्धन और मध्यम वर्ग के लोग अब अपनी बचत के साथ जीवन के लिए अन्य जरूरी सामान खरीद सकेंगे।

–––बाइट–

प्रधानमंत्री ने देशवासियों से विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मेड इन इंडिया उत्पादों को बढ़ावा देने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने सभी राज्य सरकारों को आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी के अभियान से सक्रिय रूप से जुड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि राज्य विकसित होगा तो भारत विकसित बनेगा।

–––बाइट–––

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि अब जी.एस.टी. सरल, पारदर्शी और जन–अनुकूल हो गई है। अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार, आवश्यक वस्तुओं और सेवाओं पर कर का बोझ कम करके नागरिकों को सीधी राहत देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। हमारे संवाददाता ने बताया कि ये सुधार देश की विकास यात्रा को गति देंगे।

–––रिपोर्ट–––

---

आज से सुधा दुग्ध उत्पादों की कीमत में कटौती लागू हो गयी है। कॉम्फेड ने इन उत्पादों की कीमतों में बड़ी कटौती का ऐलान किया था। इसके अनुसार सुधा मक्खन की कीमत में एक रुपये से पांच रुपये तक की, सुधा पनीर की कीमत में एक रुपये से पांच रुपये तक और सुधा घी की कीमत में पांच रुपये तक की कटौती की गयी है।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज ग्यारह हजार करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्‌घाटन करेंगे। पटना में आयोजित एक समारोह में श्री कुमार पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग के अंतर्गत राज्य और जिला स्तरीय संसाधन और प्रशिक्षण केंद्र तथा पशु चिकित्सालयों का उद्‌घाटन करेंगे। श्री कुमार कॉम्फेड अंतर्गत पूर्णिया में कृत्रिम गर्भाधान प्रशिक्षण केंद्र और दुग्ध उत्पाद निर्माण संयंत्र के विस्तारीकरण कार्य का शुभारंभ भी करेंगे। मुख्यमंत्री पथ निर्माण विभाग के अंतर्गत पटना, मुजफ्फरपुर, छपरा, सीवान, बांका, मुंगेर और भागलपुर के साथ ही भोजपुर, नवादा और नालंदा जिले में विभिन्न पथों के निर्माण कार्य का शिलान्यास करेंगे। श्री कुमार स्मार्ट सिटी अंतर्गत पटनावासियों को पंद्रह करोड़ रुपये की लागत से निर्मित मौर्यलोक परिसर में सृजित सुविधाओं की भी सौगात देंगे।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सेवा और सुशासन मंत्र से अभिप्रेरित सरकार परिवर्तन और प्रगति की दिशा में लगातार काम कर रही है। विशेष श्रृंखला सेवा पर्व में आज हम चर्चा करेंगे कि मोदी सरकार ने किस तरह लाखों लोगों का जीवन सुगम

बनाने के लिए किफायती आवास और आधुनिक शहरी बुनियादी ढांचा सुनिश्चित किया है।

———कट———

---

शक्ति स्वरूपा देवी दुर्गा की आराधना का अनुष्ठान शारदीय नवरात्र आज से शुरू हो गया है। अनुष्ठान के पहले दिन आज मां दुर्गा के शैल पुत्री स्वरूप की पूजा अर्चना की जा रही है।

———म्यूजिक———

नवरात्र को लेकर राजधानी पटना समेत पूरे प्रदेश में भक्तिमय माहौल बन गया है। विभिन्न सार्वजनिक पूजा समितियों की ओर से प्रतिमाओं और पूजा पंडालों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। जिला मुख्यालयों से हमारे संवाददाताओं ने बताया है कि प्रदेश भर में सुबह से ही मंदिरों और शक्तिपीठों में श्रद्धालुओं की भीड़ देखी जा रही है। पटना के प्रसिद्ध शक्तिपीठ बड़ी पटनदेवी और छोटी पटनदेवी, गोपालगंज के थावे मंदिर, सारण के दिघवारा स्थित आमी मंदिर, आरा के अरण्य देवी मंदिर, सासाराम स्थित तारापीठ, दरभंगा के मां श्यामा काली मंदिर, खगड़िया के कात्यायनी शक्तिपीठ और मुंगेर की मां चंडिका शक्तिपीठ में श्रद्धालुओं की लंबी—लंबी कतारें देखी जा रही हैं। कलश स्थापना और पूजन के लिए विभिन्न पूजा पंडालों के साथ ही मंदिरों और घरों में भी तैयारी की जा रही है। पूजन सामग्री की खरीदारी के लिए बाजार में रौनक देखी जा रही है। इधर, प्रत्येक जिले में प्रशासन ने शांतिपूर्ण और सुरक्षित पूजा के लिए व्यापक व्यवस्था की है। विभिन्न स्थानों पर सुरक्षा बलों की तैनाती गयी है।

———म्यूजिक———

---

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लोगों को नवरात्रि की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

---

प्रदेश में मानसून के कमजोर पड़ने के साथ ही बारिश की गतिविधियों में कमी आई है। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिनों तक प्रदेश में मौसम सामान्य बना रहेगा। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के अनुसार इस दौरान तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक की कमी की संभावना है।

———बाइट———

---

मुंगेर पुलिस ने मुफस्सिल थाना क्षेत्र के वाकरपुर गांव में अवैध मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन किया है। मौके से पुलिस ने हथियार और हथियार बनाने के उपकरण के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इधर, खगड़िया जिलों की पसराहा थाना पुलिस, और एसटीएफ ने संयुक्त कार्रवाई में एक खेत में संचालित मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन किया है। मौके से तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

---

सीतामढ़ी जिले के नानपुर थाना क्षेत्र से पुलिस ने एक करोड़ रूपए लागत की प्रतिबंधित खैर की लकड़ी जब्त की है। मामले में दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया है।

---

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की बड़ी खबर है – मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का ऐलान – विकास मित्रों को टैबलेट मद में मिलेंगे पच्चीस हजार रुपये।

दैनिक जागरण की सुर्खी है – मखाना बोर्ड का गठन, पांच लाख उत्पादकों को होगा लाभ।

प्रभात खबर ने लिखा है – चांदी ने इस साल अब तक दिया सबसे ज्यादा उनचास प्रतिशत रिटर्न।

दैनिक भास्कर लिखता है – बीसीसीआई के अगले अध्यक्ष मिथुन मन्हास होंगे।

आज अखबार की सुर्खी है – सुपर फोर में भी भारत ने पाकिस्तान को चटाई धूल। छह विकेट से जीता मैच।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. बिहार समेत पूरे देश में जीएसटी की नई दरें आज से लागू। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा – जीएसटी सुधारों से देश में अर्थव्यवस्था के एक नये युग की शुरूआत।

02. राष्ट्र के नाम संबोधन में श्री मोदी ने राज्यों से स्थानीय विनिर्माण को बढ़ावा देकर स्वदेशी अपनाने का आह्वान किया।

03. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज ग्यारह हजार करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे।

04. और, शक्ति स्वरूपा देवी दुर्गा की आराधना का अनुष्ठान शारदीय नवरात्र आज से शुरू। पहले दिन मां दुर्गा के शैल पुत्री स्वरूप की हो रही है पूजा–अर्चना।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।